# महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को लेकर सदन में दिया कुमारी और जूली के बीच नोंकझोंक

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ''वर्ष 2024-25 के बजट में 100 करोड़ रुपए की घोषणा थी, बीते 2 वर्ष में 2.83 लाख रुपए ही खर्च किए हैं, आखिर काम कब पूरा होगा?''

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जूली पर पलटवार करते हुए कहा, ''अभी तो डी.पी.आर. बनी है। हमने 100 करोड़ की घोषणा थी, अब 275.68 करोड़ रुपए खर्च करने वाले हैं। कांग्रेस को महाराणा प्रताप की इतनी चिंता थी तो पिछले 5 साल में क्या किया? एक रुपया भी आपने खर्च किया क्या?''
- इस मुद्दे पर डोटासरा समेत विपक्ष के अन्य विधायकों ने बीच में बोलकर टोकाटाकी की कोशिश की तो स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कड़ी नाराजगी जताई। स्पीकर ने कहा कि ''जब डी.पी.आर. बन गई है तो काम शुरू होगा और क्या रह गया। बार-बार खड़ा होना सही नहीं है।''

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर।** महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के विकास पर बीते 2 वर्ष में हुए काम से जुड़े सवाल पर विधानसभा में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच जमकर बहस हुई। जूली ने दो साल में 100 करोड़ में से केवल 2 लाख रुपए खर्च होने पर सवाल उठाए तो दिया कुमारी ने पिछली सरकार पर पलटवार किया।

दरअसल भाजपा विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि डीपीआर का काम शुरू हो चुका है। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपकी 2024-25 की घोषणा थी, सरकार ने 100 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया था, लेकिन अब तक मात्र 2 लाख 83 हजार रुपए खर्च हुए है। ऐसे में आखिर कब काम पूरा होगा?

इस पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट की अभी तो डीपीआर बनी है। 100 करोड़ की घोषणा हुई थी, अब हम 275.68 करोड़ रुपए खर्च करने वाले हैं। इसे हम बहुत भव्य बनाएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि, इन्हें महाराणा प्रताप की इतनी चिंता थी तो पिछले 5 साल में क्या किया? एक रुपया भी आपने खर्च किया क्या? हमारी सरकार ने आते ही पहले बजट में इसकी घोषणा की। समय लगता है, जो भी काम होगा पुख्ता होगा, पूरा होगा। आधी-अधूरी घोषणा करना हमारी सरकार का मकसद नहीं है। काम करेंगे तो पूरा करेंगे। इनकी सरकार ने बहुत सारी घोषणाएं की थीं, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं किया। दिया कुमारी ने जूली को घेरते हुए कहा कि, नेता प्रतिपक्ष की तो हर सवाल पर खड़े होने की आदत बन गई है। मैं बताना चाहूंगी की 100 करोड़ रुपए ही क्यों, इस योजना में 1000 करोड़ भी खर्च करने पड़ेंगे तो भी कम है। महाराणा प्रताप का इतना गौरवशाली इतिहास है। इस पर जूली ने कहा कि महाराणा प्रताप का गौरवशाली इतिहास है। हम चाहते हैं महाराणा प्रताप पर खर्च हो, लेकिन आपने दो साल में 100 करोड़ में से केवल 2 लाख रुपए ही खर्च किए हैं। इसे पूरा करने की कोई समय सीमा तो होगी?

इस मुद्दे को लेकर दिया कुमारी और टीकाराम जूली के बीच जमकर नोंकझोंक हुई। इसी बीच जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत विपक्ष के अन्य विधायकों ने बीच में बोलकर टोकाटाकी की कोशिश की तो स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कड़ी नाराजगी जताई। स्पीकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब डीपीआर बन गई है तो काम शुरू होगा और क्या रह गया। बार-बार खड़ा होना सही नहीं है।

# वैचारिक प्रतिबद्धता के चलते विशाल वटवृक्ष बनी भाजपा : भजनलाल शर्मा

- प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया, राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम : मदन राठौड़
- 'भाजपा में राष्ट्रीय स्तर से बूथ स्तर तक 7 मार्च से शुरू होगा प्रशिक्षण'

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाला दल है, जहां राष्ट्र के बाद दल और फिर व्यक्ति का स्थान आता है। मुख्यमंत्री मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है और यही उसकी वैचारिक शक्ति का आधार है। एक विचार को लेकर चलने वाला यह राजनीतिक दल आज देशभर में वटवृक्ष के रूप में स्थापित हो चुका है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता में दायित्व बोध से व्यक्तित्व निर्माण होता है और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण को बल मिलता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों के विचारों से प्रेरित यह विचारधारा आगे बढ़ी। आपातकाल के बाद 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का आव्हान करते हुए कहा कि अधिकारों से अधिक कर्तव्य बोध आवश्यक है। भाजपा राजनीतिक कार्यों के साथ सामाजिक दायित्वों को भी प्राथमिकता देती है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकारें सदैव जनहित में कार्य करती रहेंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त पाथेय को जिला, मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि 7 मार्च से 15 अप्रैल तक देशभर में प्रशिक्षण महाभियान चलाया जाएगा। प्रदेश स्तर के बाद जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी। साथ ही मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग, जनप्रतिनिधि, मीडिया और सोशल मीडिया स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना, कार्य पद्धित में सिद्धांत आधारित आचरण विकसित करना, पार्टी के इतिहास और विकास की जानकारी देना, सक्षम कार्यकर्ताओं का निर्माण करना तथा राष्ट्रीय चुनौतियों और नैरेटिव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यशाला में विधायक अजय महावर, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम एवं अभियान की प्रदेश सह-संयोजक संतोष अहलावत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 21 आई..पी.एस. का तबादला

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 21 आईपीएस अधिकारियों के तबादले और पदस्थापन किए हैं। इस फेरबदल में जोधपुर के पुलिस कमिश्नर और जयपुर के स्पेशल पुलिस कमिश्नर भी बदले हैं।

कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार शरत कविराज को जोधपुर का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वहीं जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश को जयपुर का स्पेशल पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। जयपुर के स्पेशल पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश को जयपुर रेंज का आईजी लगाया गया है। सत्येंद्र सिंह को आईजी सीआईडी-सीबी से आईजी जोधपुर रेंज नियुक्त किया गया है। ओम प्रकाश द्वितीय को पुलिस आर्म्ड बटालियन से आईजी बीकानेर रेंज लगाया गया है। बीकानेर रेंज के आईजी हेमंत कुमार शर्मा को आईजी एससीआरबी जयपुर बनाया गया है, जबकि अजय पाल लांबा को आईजी एसओजी जयपुर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा एडीजी क्राइम ब्रांच हवा सिंह घुमरिया को एडीजी मुख्यालय लगाया गया है। विपिन कुमार पांडे को एडीजी पुलिस भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड से एडीजी क्राइम ब्रांच बनाया गया है। प्रफुल्ल कुमार को आईजी इंटेलिजेंस से पदोन्नत कर एडीजी इंटेलिजेंस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जयपुर रेंज के आईजी राघवेंद्र सुवासा को प्रमोशन के बाद एडीजी ट्रेनिंग नियुक्त किया गया है। इधर जोधपुर रेंज की आईजी राजेश मीणा को आईजी होमगार्ड जयपुर लगाया गया है। एस. परिमल को आईजी कार्मिक पुलिस मुख्यालय से आईजी एसीबी नियुक्त किया गया है। आईजी विकास कुमार से एटीएस का प्रभार वापस लेकर उन्हें केवल एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की जिम्मेदारी दी गई है। सत्येंद्र कुमार को आईजी एससीआरबी जयपुर से सीईओ राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसपोर्टेशन एंड इनोवेशन नियुक्त किया गया है। प्रीति चंद्र को डीआईजी आर्म्ड बटालियन फर्स्ट से आईजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशासन जयपुर बनाया गया है। हरेंद्र कुमार महावर को डीआईजी एसएसबी जोधपुर से आईजी सीआईडी-सीबी जयपुर लगाया है। जेडीए जयपुर में तैनात डीआईजी राहुल कोटकी को आईजी कार्मिक पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। राजेश सिंह को एसीबी डीआईजी थर्ड से आईजी एटीएस जयपुर नियुक्त किया गया है, जबकि कालूराम रावत को डीआईजी पुलिस हाउसिंग से आईजी पुलिस सिविल राइट्स एंड एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग जयपुर लगाया गया है।

# उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन



**जयपुर में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बीजेपी कार्यालय के घेराव की कोशिश की, पुलिस ने रोका तो सड़क पर अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया।**

**जयपुर (कासं)।** एआई समिट के दौरान अर्धनग्न प्रदर्शन के मामले में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी को लेकर विरोध तेज हो गया है। देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन के बीच राजधानी जयपुर में भी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया।

मंगलवार को कार्यकर्ता राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय के बाहर एकत्रित हुए। यहां से वे नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ने लगे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इसके बाद नाराज कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठ गए और अर्धनग्न प्रदर्शन करने लगे। स्थिति को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

इस पूरे मामले को लेकर अशोक गहलोत और गोविंद सिंह डोटासरा ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र का अधिकार है और इसे दबाने की कोशिश उचित नहीं है। नेताओं ने अमेरिका के साथ हुए व्यापारिक समझौते को लेकर किसानों, टैक्सटाइल उद्योग और डेटा सुरक्षा के हित प्रभावित होने की भी बात कही।

युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व विधायक अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि देश के युवाओं और किसानों के मुद्दों को उठाने पर कार्रवाई करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। पूनिया ने चेतावनी दी कि यदि आवश्यकता पड़ी तो युवा कांग्रेस आगे भी आंदोलन तेज करेगी।

# छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन

**जयपुर।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बहाली, भर्ती घोटालों की जांच और लंबित छात्रवृत्तियां जारी करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर शर्ट उतारकर अर्धनग्न प्रदर्शन किया और सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय परिसर के बाहर पुलिस का अतिरिक्त बंदोबस्त किया गया और छात्रों को कैंपस से बाहर नहीं जाने दिया गया। पूर्व शोध छात्रसंघ प्रतिनिधि डॉ. राम सिंह सामोता ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में वर्षों से 'विमर्श शुल्क' के नाम पर राशि वसूली जा रही है, जिसका लाभ छात्रों को नहीं मिला। उन्होंने यह वसूली बंद करने और अब तक वसूले गए करीब 223 करोड़ रुपये छात्रों को लौटाने की मांग की। एनएसयूआई ने छात्रसंघ चुनाव बहाल करने, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, लंबित छात्रवृत्तियां जारी करने और विभिन्न आयोगों के पुनर्गठन जैसी मांगें भी उठाईं। संगठन ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन उग्र करेंगे।

## सार-समाचार

### उद्योगों की महंगी बिजली का मुद्दा उठाया

**जयपुर (विसं)।** भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने शून्यकाल के दौरान उद्योगों की बिजली दरों में बढ़ोतरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए 'राइजिंग राजस्थान' और प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन जैसे आयोजन कर रही है, लेकिन पहले से संचालित उद्योगों की अनदेखी की जा रही है। सराफ ने बताया कि सितंबर माह में उद्योगों के बिजली बिल पर विभिन्न शुल्क और सरचार्ज लगाए गए, जिससे बिजली 2.50 से 3 रुपये प्रति यूनिट महंगी हो गई है। इसका असर उद्योगों की लागत पर पड़ा है और 25 हजार से 10 लाख रुपये तक अतिरिक्त भार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि स्टील और प्लास्टिक उद्योगों में बिजली कच्चे माल की तरह उपयोग होती है और कुल संचालन लागत का 25 से 30 प्रतिशत खर्च बिजली पर आता है। उन्होंने चेतावनी दी कि महंगी बिजली के कारण कई औद्योगिक इकाइयां बंद हो रही हैं और नए एमओयू के बावजूद निवेशक प्रदेश में उद्योग लगाने से हिचक रहे हैं। सराफ ने ऊर्जा मंत्री से बिजली दरों में कमी कर बंद इकाइयों को दोबारा शुरू करवाने की मांग की।

### 'जूली की विचारधारा भाजपा जैसी'

**जयपुर (विसं)।** डूंगरगढ़ से भाजपा विधायक ताराचंद सारस्वत ने मंगलवार को सदन में अनुदान मांगों पर बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की शालीनता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी विचारधारा भाजपा जैसी बताई। उन्होंने 100 यूनिट तक फ्री बिजली लेने वाले उपभोक्ताओं की पात्रता की जांच की भी मांग की और आरोप लगाया कि कई अपात्र लोग योजना का लाभ उठा रहे हैं, जबकि वास्तविक गरीब पीछे रह जा रहे हैं। विधानसभा की इस बहस में उद्योग, जमीन आवंटन और बिजली योजनाओं को लेकर सरकार पर जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने का दबाव साफ नजर आया।

### 'फ्री बिजली छोड़ने का अभियान चलाएं'

**जयपुर (विसं)।** बिजली और खाद्य विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान बीजेपी विधायक पब्बाराम बिश्नोई ने राशन की तर्ज पर ही फ्री बिजली में गिवअप अभियान चलाने का सुझाव दिया। पब्बाराम बिश्नोई ने कहा कि जिस प्रकार से खाद्य सुरक्षा में पॉर्टल से गिवअप योजना चली है, वैसे ही फ्री बिजली स्कीम को स्वैच्छा से छोड़ने वालों के लिए गिवअप योजना चलाएं। अनेकों ऐसे लोग हैं जो फ्री बिजली छोड़ना चाहते हैं। जो सक्षम लोग फ्री बिजली का लाभ छोड़ें, उनकी जगह नए गरीब लोगों को कनेक्शन देकर उसका फायदा दिया जाए।

### गोविंददेवजी मंदिर में फागोत्सव की धूम

**जयपुर।** गोविंद देव जी मंदिर में मंगलवार से पारंपरिक फाग उत्सव की शुरुआत हुई। फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से दशमी तक चलने वाले इस आयोजन में कलाकारों ने भक्ति, संगीत, नृत्य और पुष्पों के माध्यम से ठाकुर जी को रिझाया। मंदिर परिसर में फूलों की होली और कथक नृत्य की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। फागोत्सव संयोजक गौरव धामाणी ने बताया कि करीब पांच दशकों से यह परंपरा निभाई जा रही है। इस बार भी कलाकारों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की और ब्रज की होली की झलक प्रस्तुत की। जयपुर कथक केंद्र के युवा कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों की सराहना पाई। आयोजन का मुख्य आकर्षण फाल्गुन शुक्ल दशमी यानी 26 फरवरी को होगा, जब ब्रज की पारंपरिक लठमार होली का मंचन किया जाएगा। अविनाश शर्मा की टीम के साथ करीब 70 कलाकार इसमें भाग लेंगे। चंग-ढाप की थाप पर लोक प्रस्तुतियां और अंतरराष्ट्रीय लोक कलाकार गुलाबो सपेरा की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### किसानों के मुद्दे पर रणनीति बनाएगी कांग्रेस

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा बुधवार दोपहर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन स्टेशन रोड जयपुर में जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। बैठक दोपहर 3 बजे आयोजित होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किसानों के हितों के खिलाफ अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेस पार्टी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इन्हीं कार्यक्रमों की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर यह बैठक बुलाई गई है। बैठक में प्रदेशभर के जिला कांग्रेस अध्यक्षों के साथ समन्वय समिति के सदस्य, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ से निर्वाचित सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधानसभा सदस्य, विधानसभा प्रत्याशी तथा अग्रिम संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा भी मौजूद रहेंगे। जहां किसानों से जुड़े मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तय की जाएगी।

### चार ड्रग्स सप्लायर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट (सीएसटी) टीम ने विधाधर नगर और चित्रकूट थाना क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाकर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एमडी, चरस, नकदी और दो कारें बरामद की गई हैं। स्पेशल पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश ने बताया कि आरोपियों से कुल 29.85 ग्राम एमडी, 8.94 ग्राम चरस, 1 लाख 43 हजार रुपए नकद, दो कारें और अन्य सामग्री जब्त की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मादक पदार्थ सप्लायरों तक पहुंचाने आए थे, जिसके बाद इन्हें बाजार में पुड़िया बनाकर बेचा जाना था। राहुल प्रकाश ने बताया कि पुलिस को अम्बाबाड़ी क्षेत्र में एक संदिग्ध लाल कार घूमने की सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने वाहन को रोककर तलाशी ली। कार सवार प्रकाश सैनी (40), निवासी गोपाल वाटिका कॉलोनी, बैनाड़ रोड को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 26.18 ग्राम एमडी, 1.43 लाख रुपए नकद, पांच मोबाइल फोन, वॉकी-टॉकी सेट, चेक बुक, एटीएम कार्ड और एक कार बरामद की गई। इस संबंध में विधाधर नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई चित्रकूट थाना इलाके में की गई। यहां पुलिस ने गोतेश जाटोलिया (32), कामरान हुसैन (38) और आशीष जिंदल (27) को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 3.67 ग्राम एमडी, 8.94 ग्राम चरस और एक कार जब्त की गई।

# राज्यपाल ने लैक्रोज को राज्य खेल में सम्मिलित करने के निर्देश दिये

## भारत को इस खेल में ओलंपिक पदक के लिए खिलाड़ी अभी से करे तैयारी : बागड़े



**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मंगलवार को लैक्रोज के खिलाड़ियों ने मुलाकात कर इस खेल के प्रोत्साहन के लिए वित्तीय सहायता देने के लिए आभार जताया।**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि लैक्रोज खेल को राज्य खेल में सम्मिलित किए जाने और जनजातीय विभाग के अंतर्गत इस खेल प्रोत्साहन के लिए विशेष प्रावधान के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर भेजे जाने और त्वरित कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल से मंगलवार को लोकभवन में लैक्रोज खेल के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल द्वारा अपने विवेकाधीन कोटे से लैक्रोज खेल प्रोत्साहन के अंतर्गत दिये जा रहे सहयोग के प्रति आभार जताया और इस खेल में भारत के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बारे में अवगत कराया। राज्यपाल बागडे ने लैक्रोज खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें ओलंपिक 2028 में भारत के लिए इस खेल में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए हौसला अफजाही की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी, खेल के साथ साथ पढ़ाई को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेलते समय जीत के लक्ष्य को केंद्र में रखने, चपलता के अंतर्गत निरंतर अभ्यास करने और एकाग्र होकर खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आ ान किया। उन्होंने ओलंपिक से पहले अप्रैल में चीन में होने वाले खेलों में भी अच्छे प्रदर्शन और देश को गौरवान्वित किए जाने हेतु खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा, राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी, खेल संघ अध्यक्ष अशोक परनामी, प्रज्ञा केवलरमानी भी उपस्थित रहे।

# 'कांग्रेस राज में हुए तथाकथित 400 करोड़ के जमीन घोटाले की जांच कराएगी राज्य सरकार'

- केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौत्तम के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि आवंटन 4 मार्च 2009 को हुआ और 11 मार्च को ही बेचान हो गया, इससे संदेह और गहरा जाता है। हम 3 माह में जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे'

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर।** केकड़ी से भाजपा विधायक शत्रुघ्न गौतम ने अजमेर जिले के सरवाड़ क्षेत्र के अजगरा गांव में चारागाह की जमीन को गलत तरीके से आवंटित करने का मामला पुनः ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए सदन में उठाया। शत्रुघ्न गौतम ने कांग्रेस नेताओं पर चारागाह जमीन चहेतों को आवंटित करवाकर 400 करोड़ का घोटाला करने का आरोप लगाया।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने पूरे मामले की तीन माह में जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की घोषणा की। राजस्व मंत्री ने कहा कि पूरा मामला संदेहास्पद है। आवंटन 4 मार्च 2009 को हुआ और 11 मार्च को ही बेचान हो गया, इससे संदेह और गहरा जाता है। हम इसकी 3 महीने में जांच करवाएंगे, जो भी दोषी अफसर होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

इससे पहले विधायक गौतम ने कहा कि बीसलपुर विस्थापितों को चारागाह की जमीन आवंटित कर गलत तरीके से कांग्रेस नेताओं ने बेचा, इसकी जांच होनी चाहिए।

# माली समाज ने विधानसभा घेराव करने की चेतावनी दी

**जयपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले टर्मिनल मार्केट में मंगलवार को मुहाना मंडी माली समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठ और युवा व्यापारियों सहित मंडी परिसर में कार्यरत लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने की।

फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से समाज की ओर से बुधवार को प्रस्तावित विधानसभा घेराव को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से इसमें शामिल होने की अपील भी की। बताया गया कि वर्तमान में समाज की ओर से जन अधिकार यात्रा निकाली जा रही है, जिसका समापन विधानसभा घेराव के साथ होगा। बैठक में बताया गया कि माली समाज लंबे समय से अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है। इन मांगों में समाज को पृथक 12 प्रतिशत आरक्षण देने, समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की मांग शामिल है। इसके अलावा आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने, महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार देने तथा उसमें पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की मांग भी रखी गई। समाज की अन्य मांगों में संत लिखमी दास जी महाराज की जन्मस्थली नागौर को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करना, नई फल-सब्जी और अनाज मंडियों में माली सैनी समाज को प्राथमिकता से दुकानें आवंटित करना, समाज के लिए सामाजिक सुरक्षा कानून बनाना तथा फुले दंपत्ति के नाम पर विश्व स्तरीय संग्रहालय स्थापित करना शामिल है। इसके साथ ही समाज के लिए अलग बागवानी विकास बोर्ड की स्थापना और भारतीय सेना में सैनी रेजिमेंट बनाने की मांग भी उठाई गई।

# डोटासरा के सवाल पर बीजेपी विधायक ने आपत्ति दर्ज कराई

**जयपुर।** विधानसभा में मंगलवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जिला सड़क के रूट बदलने पर सवाल उठाए। बीजेपी विधायक गोवर्धन वर्मा ने आपत्ति करते हुए इसे गलत करार दिया। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने डोटासरा को पूरक सवाल करने को ही गलत करार दिया।

डोटासरा ने पूरक सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस राज में सीकर जिले में मुख्य जिला सड़क (एमडीआर) एमडीआर घोषित हुई थी। आपने किन कारणों से इसका रूट चेंज किया? मुख्य सड़क को तो छोड़ दिया और ढाणियों में बाएं-दाएं घुमाते हुए सड़क का रूट कर दिया। इसके क्या कारण रहे? क्या यह सही है कि पहले से तय रूट को बदला गया है, क्या कारण है?

इस पर बीजेपी विधायक गोवर्धन वर्मा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि डोटासरा गलत कह रहे हैं। यह सड़क एमडीआर तो हुई ही अब है। एमडीआर पहले घोषित नहीं थी। डिप्टी सीएम और पीडब्ल्यूडी मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि जिन्होंने यह सवाल पूछा था, वे ही कह रहे हैं कि यह सड़क 2025 में ही एमडीआर घोषित हुई है। इसलिए मैं पूरी जानकारी लेने के बाद जवाब दूंगी।

**परंपरा से हटकर पूरक सवाल पूछने की छूट दी**

मंगलवार को स्पीकर देवनानी ने गोवर्धन वर्मा के मूल सवाल पर पूरक सवाल पूछने की इजाजत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को दी। इस पर सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि 7 साल में पहली बार पूरक सवाल किसी दूसरे विधायक को पूछने की इजाजत दी गई है, यह अपवाद ही रहना चाहिए। ज्ञात रहे कि प्रश्नकाल में मूल सवाल पूछने वाले को ही 2 पूरक सवाल पूछने की इजाजत दी जाती है। नेता प्रतिपक्ष को छोड़कर अन्य किसी विधायक को सवाल पूछने की अनुमति नहीं दी जाती है।

# भूमि का पट्टा देने पर जेडीए करे विचार : हाईकोर्ट

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर विकास प्राधिकरण को आदेश दिए हैं कि वह याचिकाकर्ता को जगतपुरा के कुसुम विहार आवासीय योजना में स्थित भूमि का पट्टा देने पर विचार करे। वहीं अदालत ने इस संबंध में याचिकाकर्ता को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपना अभ्यावेदन देने को कहा है। अदालत ने सक्षम प्राधिकारी को कहा है कि वह अभ्यावेदन को विधि अनुसार तय करे। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश धूपेन्द्र कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विकास सोमानी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने कुसुम विहार योजना के मूल आवंटी मदनलाल नागर से साल 1997 में यह भूखंड खरीदा था। इसके बाद भूखंड उसके नाम से हस्तांतरित भी हो गया और जेडीए की सदस्यता सूची में भी याचिकाकर्ता का नाम है। याचिका में कहा गया कि जेडीए ने सोसायटी के रिकॉर्ड के आधार पर स्कीम का पीटी सर्वे कर नक्शे को मान्यता दी। वहीं याचिकाकर्ता के आसपास के भूखंडों का जेडीए ने पट्टा जारी कर दिया, लेकिन अब जेडीए की ओर से याचिकाकर्ता का पट्टा यह कहते हुए जारी नहीं किया जा रहा है कि प्रकरण विचाराधीन है। याचिका में बताया गया कि पूर्व में भी जेडीए ने विचाराधीन श्रेणी के भूखंडों का नियमित किया है। ऐसे में याचिकाकर्ता ने जेडीए से उसका पट्टा भी जारी करने की गुहार की लेकिन फिर भी उसे पट्टा जारी नहीं किया जा रहा। जिस पर पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने जेडीए को याचिकाकर्ता को पट्टा जारी करने और याचिकाकर्ता को इस संबंध में अपना अभ्यावेदन देने को कहा है।